

# सादर आमंत्रण

## मानव सेवा ही सबसे उत्तम श्रद्धांजलि है

सम्मानित स्नेही स्वजन.................................................................................................................

करुणा के सिद्धांतों पर जीवन जीने वाले स्व. जितेन्द्र साहू CFO उर्फ रानू, सुपुत्र श्री ओमप्रकाश साहू की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर बुधवार, दिनांक 08 जुलाई 2026 को शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निम्नलिखित सेवा-कार्यों का आयोजन किया जा रहा है:

### सेवा कार्यक्रम:•

- देहदान एवं अंगदान संकल्प- NOTTO के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन •
- रक्तदान शिविर: SDC Trust द्वारा - For Saving Life •
- स्वास्थ्य शिविर - नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच - For Better Life
- नशामुक्ति जनजागृति शिविर- परामर्श एवं जागरूकता - For Happy Family
- वृक्षारोपण कार्यक्रम: पर्यावरण संरक्षण हेतु- For Environment

आप सभी स्नेहीजनों एवं शुभचिंतकों से विनम्र अनुरोध है कि श्रद्धांजलि सभा में पधारकर पुण्यात्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करें तथा सेवा-कार्यों में सहभागी बनकर सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान करें।

### विनीत

बड़े ताऊ: मगन लाल साहू (स्वामी माधवानंद जी)

चाचा: राकेश साहू, भागीरथ साहू, अखिलेश साहू (ट्रस्टी)

भाई: शैलेन्द्र साहू, मनीष साहू, अभिषेक साहू, अक्षय साहू, तन्मय साहू

**कार्यक्रम विवरण स्थान: मेन बाजार, जिन वीर वाटिका जाखलौन (ललितपुर)**

**समय: प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक**

# जाखलौन में स्व. जितेन्द्र साहू सीए की स्मृति में बहुआयामी सेवा शिविर

**» रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, अंगदान जागरूकता, नशामुक्ति अभियान और वृक्षारोपण का हुआ आयोजन**

**» ग्रामीण क्षेत्र में चौथी पहल में 13 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित**

**प्रदेश सत्ता** | ललितपुर



स्व.जितेन्द्र साहू सीए की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्राम जाखलौन में बुधवार को समाजसेवा और जनकल्याण को समर्पित बहुआयामी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में देवदूत फाउंडेशन तथा लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) ने सहयोग किया। शिविर के दौरान रक्तदान, देहदान, अंगदान एवं जागरूकता, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति जनजागरण और वृक्षारोपण जैसे विभिन्न सेवा कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था द्वारा यह चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण अंचलों में रक्तदान को लेकर अब भी अनेक भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिसके कारण लोग आगे आने से हिचकिचाते हैं। इसके बावजूद शिविर में 3 महिलाओं सहित कुल 13 लोगों ने रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वाली महिलाओं में डा.नयनश्री साहू, सानिया साहू एवं निधि साहू प्रमुख रहीं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा की चिकित्सा टीम एवं लाल पैथ लैब, ललितपुर यूनिट के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 150 से अधिक लोगों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डा.छत्रपाल सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डा.विमल कुमार यादव, एल.टी. सूरज कुमार, एल.ए. मनोज सोनी, वार्ड बॉय जितेंद्र राजपूत एवं भवानी यादव सहित सीएचसी स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान एक व्यक्ति ने देहदान का संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि स्व. जितेन्द्र साहू की स्मृति में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार के जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू, संयोजक ज्योति सिंह लोधी, अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री रामस्वरूप पटेल, उपाध्यक्ष अनिल साहू, ट्रस्टी धनंजय यादव, अंकुर शानू बाबा, अखिलेश साहू, मनीष पटवारी, निहाल चन्द्र एवं सब्बीर मंसूरी उपस्थित रहे। वहीं देवदूत फाउंडेशन के संस्थापक डा.अरविंद सिंह बुंदेला अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, सचिव उमाशंकर चौबे, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, केपी राजा एवं बीके पाल सहित अनेक समाजसेवियों ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस बहुआयामी सेवा शिविर ने रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों को एक मंच पर लाकर जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अध्यक्षता शैलेन्द्र सिह बुन्देला मुन्डे राजा ने की, जबकि संचालन सुरेश प्रकाश कोतें ने किया। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महेन्द्र सिंह बुन्देला, जगदीश जैन, आत्माराम, विवेक जैन, राजेश, भगवान दास, रामकुमार साहू, दीपक जैन, अंकित जैन, इकरार शाह, हुसैन शाह, विजय सिंह, प्रवीण यादव, रानू खांन, जहेश साहू, रामपाल सिंह, विहारी लाल साहू मौजूद रहे।

# जाखलौन में स्व. जितेन्द्र साहू सीए की स्मृति में बहुआयामी सेवा शिविर



**» रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, अंगदान जागरूकता, नशामुक्ति अभियान और वृक्षारोपण का हुआ आयोजन**
**» ग्रामीण क्षेत्र में चौथी पहल में 13 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित**

जनहित दर्शन | ललितपुर

स्व.जितेन्द्र साहू सीए की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्राम जाखलौन में बुधवार को समाजसेवा और जनकल्याण को समर्पित बहुआयामी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में देवदूत फाउंडेशन तथा लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) ने सहयोग किया। शिविर के दौरान रक्तदान, देहदान, अंगदान एवं जागरूकता, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति जनजागरण और वृक्षारोपण जैसे विभिन्न सेवा कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था द्वारा यह चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण अंचलों में रक्तदान को लेकर अब भी अनेक भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिसके कारण लोग आगे आने से हिचकिचाते हैं। इसके बावजूद शिविर में 3 महिलाओं सहित कुल 13 लोगों ने रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वाली महिलाओं में डा.नयनश्री साहू, सानिया साहू एवं निधि साहू प्रमुख रहीं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा की चिकित्सा टीम एवं लाल पैथ लैब, ललितपुर यूनिट के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 150 से अधिक लोगों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डा.छत्रपाल सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डा.विमल कुमार यादव, एल.टी. सूरज कुमार, एल.ए. मनोज सोनी, वार्ड बॉय जितेंद्र राजपूत एवं भवानी यादव सहित सीएचसी स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान एक व्यक्ति ने देहदान का संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि स्व. जितेन्द्र साहू की स्मृति में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार के जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू, संयोजक ज्योति सिंह लोधी, अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री रामस्वरूप पटेल, उपाध्यक्ष अनिल साहू, ट्रस्टी धनंजय यादव, अंकुर शानू बाबा, अखिलेश साहू, मनीष पटवारी, निहाल चन्द्र एवं सब्बीर मंसूरी उपस्थित रहे। वहीं देवदूत फाउंडेशन के संस्थापक डा.अरविंद सिंह बुंदेला अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, सचिव उमाशंकर चौबे, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, केपी राजा एवं बीके पाल सहित अनेक समाजसेवियों ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस बहुआयामी सेवा शिविर ने रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों को एक मंच पर लाकर जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अध्यक्षता शैलेन्द्र सिह बुन्देला मुन्डे राजा ने की, जबकि संचालन सुरेश प्रकाश कोतें ने किया। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महेन्द्र सिंह बुन्देला, जगदीश जैन, आत्माराम, विवेक जैन, राजेश, भगवान दास, रामकुमार साहू, दीपक जैन, अंकित जैन, इकरार शाह, हुसैन शाह, विजय सिंह, प्रवीण यादव, रानू खांन, जहेश साहू, रामपाल सिंह, विहारी लाल साहू मौजूद रहे।

# जाखलौन में स्व. जितेन्द्र साहू सीए की स्मृति में बहुआयामी सेवा शिविर

## मिशन सेफ फ्यूचर के तहत स्कूल वाहनों की सघन जांच

**अवध की जंग**

**ललितपुर।** स्व.जितेन्द्र साहू सीए की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्राम जाखलौन में बुधवार को समाजसेवा और जनकल्याण को समर्पित बहुआयामी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में देवदूत फाउंडेशन तथा लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) ने सहयोग किया। शिविर के दौरान रक्तदान, देहदान, अंगदान एवं जागरूकता, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति जनजागरण और वृक्षारोपण जैसे विभिन्न सेवा कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था द्वारा यह चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण अंचलों में रक्तदान को लेकर अब भी अनेक भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिसके कारण लोग आगे आने से हिचकिचाते हैं। इसके बावजूद शिविर में 3 महिलाओं सहित कुल 13 लोगों ने रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वाली महिलाओं में डा.नयनश्री साहू, सानिया साहू एवं निधि साहू प्रमुख रहीं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा की चिकित्सा टीम एवं लाल पैथ लैब, ललितपुर यूनिट के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 150 से अधिक लोगों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डा.छत्रपाल सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डा.विमल कुमार यादव, एल.टी. सूरज कुमार, एल.ए. मनोज सोनी, वार्ड बॉय जितेंद्र राजपूत एवं भवानी यादव सहित सीएचसी स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर



के दौरान एक व्यक्ति ने देहदान का संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि स्व. जितेन्द्र साहू की स्मृति में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार के जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू, संयोजक ज्योति सिंह लोधी, अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री रामस्वरूप पटेल, उपाध्यक्ष अनिल साहू, ट्रस्टी धनंजय यादव, अंकुर शानू बाबा, अखिलेश साहू, मनीष पटवारी, निहाल चन्द्र एवं सब्बीर मंसूरी उपस्थित रहे। वहीं देवदूत फाउंडेशन के संस्थापक डा.अरविंद सिंह बुंदेला अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, सचिव उमाशंकर चौबे, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, केपी राजा एवं बीके पाल सहित अनेक समाज-सेवियों ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस बहुआयामी सेवा शिविर ने रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों को एक मंच पर लाकर जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।




आयोजक - शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट


रक्तदान रजि.


लायन्स इन्टरनेशनल
लायन्स क्लब ललितपुर बुन्देलखण्ड
डि. 321 बी– 2 ( वर्ष 2026–2027 )
आपका हार्दिक स्वागत करता है
एवं समस्त सदस्यगण लायन्स क्लब ललितपुर बुन्देलखण्ड


SOTTO U.P.
Awareness Campaign for Body & Organ Pledge
सॉट्टो अंगदान प्रतिज्ञा एवं जागरूकता अभियान
सहयोग: शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट- ललितपुर
एक प्रतिज्ञा – कई जीवन बचाओ
सह आयोजक–SOTTO उत्तर प्रदेश